आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 317 / 2023 अनवान ***जुगताराम वगैरा बनाम अम्बालाल वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.09.24	पत्रावली वकील अपीलांट द्वारा आज दिनांक को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली तलब कर अपील विड्रो करने के कम में तारीख पेशी पर ली गई। उक्त प्रार्थना पत्र के साथ अपीलांट–जुगताराम के आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न की गई। वकील अपीलांट उपस्थित, इनके द्वारा प्रार्थना में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह निवेदन किया कि उक्त अनवान प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अतः अपीलार्थीगण उक्त अपील आगे चलाना नही चाहते है तथा अपीलांट– जुगताराम की ओर से सभी की अपील विड्रो करना चाहते है। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे व अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। (अजीत सिंह राजावत) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	